राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे से "भारत दर्शन यात्रा" पर आए विद्यार्थी दल ने मुलाकात की

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद किया

जयपुर, 8 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से शनिवार को राजभवन में 'भारत दर्शन यात्रा' पर आए 35 विद्यार्थियों के दल ने मुलाकात की। सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित यह दल 'जम्मू तवी से जयपुर' यात्रा पर आया हुआ है।

इस दौरान राज्यपाल से संवाद में उन्होंने भारत दर्शन यात्रा के अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल श्री बागडे ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के अंतर्गत इस तरह की यात्राओं को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राजस्थान की संस्कृति, वीरता और शौर्य की चर्चा करते हुए गौरवमय अतीत से जुड़े राजस्थान के शौर्य और वीरता के किस्से—कहानियों में यहां के किलेकृमहलों और मंदिरों के स्थापत्य के साथ राष्ट्रीयता से जुड़े मूल्यों पर विद्यार्थियों से संवाद किया। 'भारत दर्शन' पर आए 35 विद्यार्थियों के इस दल में 20 लड़के और 15 लड़कियों सम्मिलित है।

———